अव्यवस्था

कहीं पर दर्जनों, तो किसी स्टॉप्स पर दिखती इक्का दुक्का बसें

# मेट्रो बसों की बिगड़ी चाल, घंटों करना पड़ रहा इंतजार

**जबलपुर, नवभारत।** आम जनों की सुविधा के लिए शुरू की गई मेट्रो बसों की सेवाएं अब भगवान भरोसे चल रही है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार शहर में एक समय 28 रूटों पर लगभग 120 मेट्रो बसें चला करती थीं, जो वर्तमान में सिमटकर मात्र 35 से 40 रह गई है। मेट्रो बसों का संचालन चंद रूटों पर ही किया जा रहा है। परिणाम स्वरूप इन बसों के आने-जाने का कोई टाइम टेबिल तय नहीं रहता है। मेट्रो बसों में सफर करने के लिए स्टॉप्स पर खड़े लोगों ने बताया कि कई बार उन्हें एक से डेढ़ घंटे तक बस का इंतजार करना पड़ता है। तो किसी स्टॉप्स पर एक साथ चार से पांच मेट्रो बसें तक खड़ी




रहती है।


### पटरी पर नहीं आई व्यवस्था

जानकारों कि माने तो शुरू में विभाग द्वारा मेट्रो बसों के स्टॉप्स पर पहुंचने के निश्चित समय दर्शाने के लिए स्लाइड भी लगाई गई थी। मगर ये कुछ ही दिनों में जैसे लगी थीं वैसे ही गायब भी हो गईं। मेट्रो बसों का संचालन शहर के कई रूटों पर हो रहा है। इनमें कुछ रूट पर बसों की संख्या बेहद कम है तो कहीं इनकी भरमार होती है। ऑपरेटर कमाई वाले रूटों पर बसें ज्यादा चलाना पसंद करते हैं। बता दे कि बस स्टैंड से मेडिकल, आईएसबीटी, मुख्य स्टेशन इनके प्रिय रूट हैं जहां बसों की भरमार देखी जा सकती है, मगर यदि किसी को रांझी जाना हो या इंजीनियरिंग कॉलेज, आरडीवीवी, जेएनकेवीवी जाना हो तो उन्हें लंबी प्रतीक्षा करनी पड़ रही है।

### ये है हाल


शहर में 2005 से मेट्रो बसों का संचालन प्रारंभ किया था जिसके तहत 25 नई बड़ी बसें शुरू हुई थी। धीरे-धीरे इनकी संख्या 120 तक पहुंच गई और क्रमशः इसी गति से ये खराब भी होना चालू हो गई। इसके बाद और भी बसें आईं। वर्तमान में 80 छोटी और बड़ी बसों का संचालन किया जा रहा है जिनमें चलो बस भी शामिल है। बता दे कि चलो बस का पोर्टल तैयार किया गया है इसलिए इनकी लोकेशन समझदार यात्री अपने मोबाइल पर एप डाउन लोड कर देख लेते हैं मगर इनके लिए भी उन्हें लंबा इंतजार करना पड़ता है।

### इनका कहना है



मेट्रो बसों का संचालन सही समय पर होना चाहिए। इससे यात्रियों को सहूलियत मिलेगी और यातायात व्यवस्था भी सुचारू रूप से चलेगी।

**बी एल पांडे**



अगर मेट्रो बस सही ढंग से चलने लगे तो ये शहर के लिए वरदान साबित हो सकती है। आमलोग इसी से आना जाना कर सकते है।

**सी एल तन्वेश**

# दो सौ करोड के घोटाले में जांच आवश्यक

**आस्था सोसायटी के पदाधिकारियों को हाईकोर्ट से झटका**

**जबलपुर।** आस्था एजुकेषन सोसायटी के पदाधिकारियों ने आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ के द्वारा दर्ज किये गये प्रकरण को निरस्त किये जाने की मांग करते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। हाईकोर्ट जस्टिस विषाल मिश्रा की एकलपीठ ने अपने आदेष में कहा है कि प्राथमिकी का पंजीकरण हमारे देश के प्रसिद्ध लेखा परीक्षकों द्वारा किए गए ऑडिट पर आधारित है, जिनकी रिपोर्टें सरकार द्वारा विभिन्न स्तरों पर स्वीकार की जाती हैं। रिपोर्टें स्पष्ट रूप से दर्शाती हैं कि बड़ी राशि का वित्तीय गबन हुआ है। आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ द्वारा मामले की विस्तृत जांच की आवश्यकता है।आस्था सोसायटी, इंदौर की पदाधिकारी श्रीमती श्वेता चौकसे, जय नारायण चौकसे, धर्मेन्द्र गुप्ता तथा अनुपम चौकसे की तरफ से दायर याचिका में कहा गया था कि उसकी सोसायटी कई शैक्षणिक संस्थान, मेडिकल कॉलेज और उससे संबद्ध एक अस्पताल चलाती है। आस्था सोसायटी एक निजी सोसायटी है जो मध्य प्रदेश सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1973 के प्रावधानों के तहत पंजीकृत है। सरकार से किसी प्रकार की आर्थिक सहायता नहीं लेते है। आस्था सोसायटी वर्तमान में आस्था सोसाइटी का गठन वर्ष 2007 में हुआ था और समय-समय पर इसके संविधान और प्रबंधन में परिवर्तन हुए हैं।याचिका में अनावेदक अनिल सांधवी पूर्व में सोसायटी के सदस्य थे। सोसायटी के चुनाव साल 2016 के आजीवन सदस्यों के आधार पर करवाये जाने के संबंध में उनके तथा संस्था के बीच हाईकोर्ट व सर्वोच्च न्यायालय तक याचिका दायर की गयी। इस संबंध में सर्वोच्च न्यायालय में याचिका लंबित है। अनावेदक राहुल सांघवी तथा अनिल सांघवी राजवंशी एंड एसोसिएट्स और एबीएमएस एसोसिएट्स से ऑडिट रिपोर्ट प्राप्त उनके खिलाफ ईओडब्ल्यू में शिकायत की थी। याचिकाकर्ताओं की तरफ से तर्क दिया गया कि पूर्व में भी अनावेदकों ने उनके खिलाफ ईओडब्ल्यू में शिकायत की थी। वर्तमान मामले में भी वह आरोप है तो पूर्व की शिकायत में लगाये गये थे। जिसे जांच के बाद ईओडब्ल्यू ने रिजेक्ट कर दी थी। ईओडब्ल्यू ने बिना नोटिस जारी किये तथा स्पष्टीकरण का अवसर दिये बिना उनके खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। याचिकाकर्ता ने अपनी गिरफ्तारी की संभावना भी याचिका में व्यक्त की थी। ईओडब्ल्यू की तरफ से सुनवाई के दौरान एकलपीठ के समक्ष केस डायरी प्रस्तुत करते हुए एफआईआर का समर्थन किया । ईओडब्ल्यू की तरफ से बताया गया कि मामला प्रारंभिक जांच के चरण में है और इस स्थिति में उसे रद्द करना विधि संगत नहीं होगा। आर्थिक अपराध शाखा का उद्देश्य राज्य और देश के नागरिकों की आर्थिक अपराधियों से रक्षा करना और उनकी सेवा करना है और समाज के विरुद्ध कुछ विशेष सफेदपोश अपराधों की जाँच करना है।

# विभागीय कार्यों में उलझे शिक्षक,स्कूलों में कोर्स अधूरा

**तीन नवंबर से छमाही परीक्षा, आयेगा 70 प्रतिशत पाठ्यक्रम**

**नवभारत, जबलपुर।** प्रदेश के सरकारी स्कूलों में कक्षा 9 वीं से 12वीं तक की छमाही परीक्षाएं आगामी 3 नवंबर से शुरू हो रही हैं। शिक्षा विभाग के अनुसार परीक्षा का स्तर 70 प्रतिशत पाठ्यक्रम पर आधारित होगा, लेकिन जमीनी हालात कुछ और ही कहानी बयां कर रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शिक्षकों को इन दिनों शैक्षणिक कार्यों के बजाय अन्य विभागीय कार्यों में लगा दिया गया है, जिसके चलते कई स्कूलों में अब तक केवल 40 से 50 प्रतिशत पाठ्यक्रम ही पूरा हो सका है। वहीं



शिक्षा से जुड़े उच्च अधिकारियों का कहना है कि कुछ शिक्षकों को विगत दिनों अन्य कार्य सौंपा गया था, इसके अलावा कोर्स भी सभी कक्षाओं में कोर्स चल रहा है।

### दीपावली अवकाश और पाठ्यक्रम का दबाव

उल्लेखनीय है कि 18 से 23 अक्टूबर तक दीपावली अवकाश रहेगा, जिससे बचा हुआ समय और भी सीमित हो गया है। शिक्षा विभाग ने स्कूलों को निर्देश दिए हैं कि अतिरिक्त कक्षाएं लगाकर पाठ्यक्रम की पूर्ति करें, जिससे विद्यार्थी परीक्षा के लिए तैयार हो सकें।

### कागजों में तैयारी पूरी हकीकत में अधूरी

विदित है कि शासन के अनुसार छात्रों को वार्षिक परीक्षा की तैयारी में मदद देने हेतु छमाही परीक्षा में 70 प्रतिशत पाठ्यक्रम शामिल किया गया है। सूत्रों ने बताया है कि हकीकत में अधिकांश विद्यालय अभी तक इस लक्ष्य को नहीं छू पाए हैं।

### इनका कहना है

दो-चार दिनों के लिए कुछ शिक्षकों को विभागीय कार्यों में लगाया गया था। सभी कक्षाओं में कोर्स विधिवत चल रहा है।

**धनश्याम सोनी,**
**जिला शिक्षा अधिकारी**

**घर में झालर लगाते समय हादसा, मातम में बदली पर्व की खुशियां**

# हाईटेंशन लाईन में दौड़ रहे करंट ने एक और घर का चिराग बुझाया

**जबलपुर।** गोहलपुर थाना अंतर्गत राम मंदिर के सामने गली नं. 02 त्रिमूर्ति नगर में शनिवार सुबह हाईटेंशन लाइन ने एक और घर का चिराग बुझा दिया। दरअसल घर में दीपावली पर्व की तैयारियां चल रही थी परिवार में खुशियों का माहौल था। हर कोई अपना काम करने में जुटा था लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। सुबह घर में झालर लगाते समय युवक हाईटेन्शन लाईट की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में मातम पसर गया। परिजनों को यकीन ही नहीं हो रहा है हंसी खुशी घर की छत पर झालर लगाने पहुंचा उनका बेटा अब इस दुनिया में नहीं रहा।



### झटका लगते ही दो मंजिला से नीचे गिरा

जानकारी के मुताबिक प्रदीप प्रधान निवासी राम मंदिर के सामने गली नं. 02 त्रिमूर्ति नगर गोहलपुर का शनिवार सुबह 10:30 बजे दो मंजिला मकान की ग्रिल में झालर लगा रहा था इस बीच वहां से गुजरी हाई टेन्शन लाईट की चपेट में झलार व युवक आ गया करंट का झटका लगते ही वे दो मंजिला मकान से नीचे गिर गया और उसके सिर में गंभीर चोटें आ गई। प्रदीप को परिजन आनन-फानन में इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने परीक्षण उपरांत दोपहर करीब 12:40 बजे मृत घोषित कर दिया।

### पिता रिटायर्ड, बेटा एमपीईबी में करता था नौकरी

मृतक प्रदीप एमपीईबी में प्राइवेट मीटर लगाने का काम करता था। जबकि उसके पिता दादूराम प्रधान एमपीईबी से रिटायर्ड है। इस हादसे के बाद परिजनों का रो-रोककर बुरा हाल है उनके आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे है जहां सुबह तक खुशियों का माहौल था वहां दोपहर बाद मातम पसरा हुआ है। चीख पुकार मची हुई है।

### दो मासूमों के सिर से उठा पिता का साया

मृतक के दो बेटे है। छोटा बेटा अभिनव प्रधान दो वर्षीय, बड़ा बेटा साढ़े चार साल का आदर्श प्रधान है। जिनके सिर से पिता का साया उठ गया है। पत्नी रुचि 30 वर्षीय सदमे में है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### डेढ़ माह के भीतर पांच मौतें, जिम्मेदार बेपरवाह

डेढ़ माह के भीतर बिजली करंट से चार बड़े हादसे हुए जिसमें पांच मौतें हुई। लेकिन जिम्मेदार सबक नहीं ले रहे है। जिसके चलतेलगातार हादसे हो रहे है। 5 अक्टूबर को गोराबाजार भीटा टेमर तिराहा में महाकाली प्रतिमा विसर्जन चल सामारोह में ट्राला में लगे लोहे के पाईप में बिजली सर्विस लाईन टकरा जाने से अखिलेश पटेल 48 वर्ष एवं देवेन्द्र उर्फ चिंटू विश्वकर्मा 34 वर्ष की करंट से मौत हुई। तिलवारा बरगी हिल्स में 24 सितम्बर को दुर्गा पंडाल के बाहर विद्युत साज सज्जा के लिये लगी झालर से लोहे के पाइप के जरिये करंट के संपर्क में आये दस वर्षीय बेद श्रीवास एवं आयुष झारिया की मौत हुई। 17 अक्टूबर को पाटन ग्वारी में एक लोडिंग वाहन में लाइटेंशन लाइन का करंट फैलने से ड्राइवर की मौत हुई। 20 सितम्बर को गढ़ा थाना अंतर्गत शारदा चौक रिलायंस पेट्रोलपंप के सामने मेनेरोड में दुर्गा पंडाल बनाते समय लोहे का पाया खड़ा करते समय करंट की चपेट में आने से शिवम की मौत हुई।

# दीपावली पर मरीजों को भी घर जाने की जल्दी...

**जिला अस्पताल में भर्ती कई मरीज हुए डिस्चार्ज, खाली नजर आए बैड**

**नवभारत,जबलपुर।** दीपावली का पर्व बहुत नजदीक है और ऐसे में जिला अस्पताल विक्टोरिया में भर्ती मरीजों को अपने-अपने घर जाने की बहुत जल्दी पड़ी हुई है। नजीता है कि मरीजों के परिजनों द्वारा विक्टोरिया अस्पताल प्रबंधन को लिखित रूप से आवेदन दिया जाने लगा है कि उनके मरीज की छुट्टी वे अपनी रिस्क पर अस्पताल से करा रहे हैं क्योंकि दीपावली त्यौहार पर मरीज को घर ले जाना बहुत जरूरी है। ऐसे में अस्पताल प्रबंधन द्वारा कई मरीजों को डिस्चार्ज भी किया गया है।

जानकारी के अनुसार गंभीर बीमारी व एक्सीडेंट के केस में गंभीर रूप से घायल मरीजों का बस जिला अस्पताल विक्टोरिया में इलाज जारी है और उन्हें डिस्चार्ज नहीं किया जा रहा है, बाकी सामान्य बीमारियों के चलते अस्पताल में भर्ती मरीजों को डिस्चार्ज होने लगा है। आलम ये है कि जिला अस्पताल विक्टोरिया के कई बैड अब खाली नजर आ रहे हैं। जिला अस्पताल विक्टोरिया के सिविल सर्जन व सीएमएचओ कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार नियमित ओपीडी में करीब 40 प्रतिशत कमी आई है और अस्पताल में भर्ती मरीजों को डिस्चार्ज कर दिया गया है।

# आठ तोला गोल्ड समेत चार लाख का माल ले गए चोर

**तटरक्षक बल से रिटायर्ड अधिकारी के घर हुई चोरी**

**जबलपुर।** विजय नगर थाना अंतर्गत कचनार सिटी में रहने वाले भारतीय तटरक्षक बल से सेवानिवृत्त अधिकारी के घर में चोरों ने धावा बोलते हुए आठ तोला गोल्ड समेत चार लाख रूपए का माल पार कर दिया।

पुलिस के मुताबिक राजेन्द्र प्रसाद द्विवेदी निवासी कचनार सिटी जैन मंदिर के पास विजयनगर ने शनिवार को रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह भारतीय तटरक्षक बल से सेवा निवृत्त है। 6 अक्टूबर को पत्नी नमिता द्विवेदी के साथ मुंबई गया हुआथा। 14 अक्टूबर को पडोसी मनोज श्रीवास्तव ने फोन पर बताया की पीछे का दरवाजा खुला हुआ है तब भतीजा अतुलित मिश्रा को घर देखने के लिये भेजा तो अतुलित ने बताया की घर के अंदर बैडरूम में सभी अलमारियां खुली हुई है सामान अस्त-व्यस्त है कोई अज्ञात चोर ने रात्रि में मुख्य दरवाजे का इंटरलाक का ताला तोड कर घर में रखे कीमती सामान ले गया है। 15 अक्टूबर को घर आये तो देखा की घर में सामान बिखरा पडा था और बैडरूम में सभी अलमारिया खुली पडी थी जिसमें रखे सोने की दो चैन, दो चूंडी, पांच अंगूठी, दो सोने के सिक्के 10-10 ग्राम के, तीन सोने के सिक्के 05-05 ग्राम के कुल सोना लगभग (आठ तोला) एवं चांदी की दो सिंदूरदानी, पांच जोडी विछिया, लक्ष्मी गणेश की मूर्ति, दो सिक्के 10-10 ग्राम के, दो सिक्के 5-5 ग्राम के कुल चांदी लगभग 100 ग्राम, एवं सीसीटीव्ही की डीव्हीआर एवं बोट कंपनी की एक स्मार्ट घडी चोरी हुआ है जो कुल कीमती लगभग चार लाख रुपये के होगे। चोर घर के प्रवेश दरवाजे का ताला तोड़ कर चोरी करके ले गया है।

### माढ़ोताल में समन्वय अधिकारी, गोसलपुर में किसान के यहां चोरी

माढ़ोताल थाना अंतर्गत नक्षत्र नगर में रहने वाले कलेक्ट्रेट उमरिया में पदस्थ समन्वयक अधिकारी के घर के दरवाजे का इंटरलॉक तोड़कर घुसे चोरों ने दो लाख नगद व जेवर, टेबलेट पार कर दिया। पुलिस ने बताया कि कृष्णकुमार डेहरिया 50 वर्ष निवासी गली नम्बर 10 नक्षत्र नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि कलेक्ट्रेट उमरिया में जिला परियोजना समन्वयक अधिकारी के पद पर कार्यरत है 12 अक्टूबर को रात लगभग 8 बजे अपने परिवार के साथ उमरिया चला गया था 17 अक्टूबर को रात लगभग 8-30 बजे वापस आकर देख मेनगेट का ताला लगा था। नगदी 2 लाख नदग समेत जेवर, टेबलेट गायब था। इसी प्रकार गोसलपुर थाने में अशोक कुमार यादव 60 वर्ष निवासी कछपुरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह खेती किसानी करता है। अज्ञात चोर घर से आलमारी में रखे सोने की 2 गुरिया वाली माला, नाक की खुटिया, चांदी की पायल, नगदी 10 हजार रूपये चोरी कर ले गए।

# फोरव्हीलर ने कुचला, एक की मौत, दूसरा गंभीर

**जबलपुर।** चरगवां थाना अंतर्गत थाना अंतर्गत ग्राम बैनीसिंह पिपरिया में फोरव्हीलर ने बाइक सवारों को कुचल दिया हादसे में एक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।

पुलिस ने बताया कि प्रकाश यादव 21 वर्ष निवासी ग्राम बैनीसिंह पिपरिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके पिता रज्जू यादव एवं गावं के रज्जू यादव के साथ उनकी मोटर सायकल पर काम से चरगवां गये थे। ?जब चरगवॉ से वापस आ रहे थे तभी गॉव के की ओर से आ रही चार पहिया वाहन एमपी 20 सीजे 3938 के चालक ने तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुये मोटर सायकिल में टक्कर मार दी जिससे रज्जू यादव को को चोटें आ गई जबकि पिता रज्जू यादव की मौत हो गयी।


### इधर सड़क दुर्घटना में घायल ने तोड़ा दम

महदनमहल स्टेशन गेट नम्बर 4 के पास सड़क दुर्घटना में घायल युवक ने तोड़ा दम तोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि राजेश जैन 45 वर्ष निवासी अग्रवाल कालोनी गढ़ा का गेट नम्बर 4 महदनमहल स्टेशन रोड के पास सड़क दुर्घटना में घायल हुआ था जिसे उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया था दौरान उपचार के रात लगभग 1 बजे मौत हो गयी।

# चित्रकूट एक्सप्रेस से हो रही शराब की तस्करी

**बैटरी बॉक्स में छुपाकर ढोई जा रही शराब**

**जबलपुर, नवभारत।** ट्रेनों के माध्यम से शराब की तस्करी अब एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है। ट्रेनों के कोच के टायलेट में ऊपर की सीट खोलकर उसमें छुपाने के मामले लगातार सामने आते रहे हैं। लेकिन इस बार स्मगलरों ने नया तरीका खोज निकाला है वे एसी कोच अटेंडेंट के साथ मिलीभगत कर कोच के नीचे लगी बैटरी बाक्स में शराब की बोतलें ले जा रहे हैं। ऐसा ही मामला शनिवार की सुबह मुख्य रेलवे स्टेशन में सामने



आया है, जहां पर कोच अटेंडेंट चित्रकूट एक्सप्रेस के एसी कोच की बैटरी बाक्स में शराब की बोतलें छुपाता दिखा। जिसका वीडियो भी वायरल हो रहा है।बता दें कि चित्रकूट एक्सप्रेस से व्हाया लखनऊ होकर बिहार के बरौनी ले जाना का धंधा काफी समय से फलीभूत हो रहा है। यही रैक जबलपुर से चलकर लखनऊ जाता है, जहां पर कुछ घंटों बाद यही रैक बरौनी बिहार के लिये नई ट्रेन बनकर चला जाता है। शराब स्मगलर इस धंधे में एसी कोच अटेंडेंट को शामिल कर यह काला धंधा चला रहे हैं।

### हादसे कि बन सकती है वजह

यह सर्वविदित है कि शराब ज्वलनशील होती है, इसमें जल्दी आग पकड लेती है। वायरल वीडियो में जो घटना सामने आयी है उसमे शराब की बोतलें बैटरी बाक्स में छुपाकर रखी जा रही थी। यदि बैटरी में शार्ट सर्किट होता है तो उसमें रखी शराब की बोतलों में भी आग पकड़ सकती है, जो बड़े रेल हादसे का कारण बन सकती है।

### बिहार में है पूर्ण शराबबंदी

सूत्रो की माने तो बिहार राज्य में पूर्ण शराबबंदी है। लेकिन वहां पर शराब की तस्करी का धंधा काफी समय से फलफूल रहा है। लखनऊ से चलकर जबलपुर आयी चित्रकूट एक्सप्रेस जब कोचिंग यार्ड में पहुंची तभी उसके एसी कोच एम-1, संख्या 222886 में एक युवक जो एसी कोच अटेंडेंट बताया जा रहा है, वह कोच के नीचे लगी बैटरी बाक्स में शराब की बोतलों के पैकेट को छुपाकर रख रहा था। उसकी इस हरकत को देख रहे रेल कर्मचारियों ने उसकी वीडियो भी बना ली और आरपीएफ को सूचित किया। बताया जाता है कि आरपीएफ स्टाफ मौके पर पहुंचा और जांच शुरू कर दी गई है।

### इनका कहना है

फिलहाल ऐसी कोई जानकारी हमारे संज्ञान में नहीं आई है। अगर ऐसा है तो दोषियों के ख़िलाफ़ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**डॉ मधुर वर्मा**
**सीनियर डीसीएम, पमरे**

# परियट नदी की सप्लाई लाइन को घन पटककर तोड़ा

**रांझी जलशोधन संयंत्र से घंटों रही जलापूर्ति प्रभावित**

**कई घंटों की मेहनत के बाद जल विभाग द्वारा किया गया सुधार कार्य**

**नवभारत,जबलपुर।** परियट नदी से जंगल के रास्ते आई सप्लाई लाइन को अज्ञात व्यक्ति द्वारा घन पटककर तोड़ दिया गया जिससे रांझी जलशोधन संयंत्र में पानी की सप्लाई कई घंटों प्रभावित रही और लोग पानी के लिए जूझते नजर आए। जानकारी के अनुसार पिपरिया से कुछ दूरी पर स्थित नारायणधाम के पास जंगल के रास्ते होते हुए परियट नदी की



पाइप लाइन आई हुई है जिसे तोड़ दिया गया था। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची जल विभाग की टीम द्वारा रिपेयर कार्य कई घंटों की मशक्कत के बाद ठीक कर दिया गया। इस संबंध में कमलेश श्रीवासतव, जल प्रभारी, नगर निगम ने नवभारत को बताया कि पिपरिया से आगे नारायणधाम के पास पानी की सीमेंट वाली लाइन को अज्ञात व्यक्ति द्वारा घन पटककर तोड़ दिया गया था। लाइन का सुधार कार्य कुछ घंटे की मशक्कत के बाद कर दिया गया है। घटना की शिकायत पुलिस में की जाएगी।















स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा प्रेस कॉम्प्लेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharat.418@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RIN Reg No.1537/57